Welfare, in consultation with Ministry of Law, prohibits manufacture and sale of formulations considered ineffective or irrational or where the possible risk of administration of the drug may outweigh the benefits due to its administration.

तम्बाकू की खेती को बढ़ावा दिया जाना

1916. **श्री अजीत जोगी:** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नये क्षेत्रों में तम्बाकू की खेती को बढ़ावा देने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मध्य प्रदेश में तम्बाकू की खेती की संभावना का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ङ) इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आबंटित की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम): (क) और (ख) नए क्षेत्रों में तम्बाकू की खेती करने का फिलहाल सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ) केन्द्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान राजामुन्दरी द्वारा मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में कुछ प्रयोगात्मक परीक्षण किये गये हैं। परीक्षण के परिणाम उत्साहवर्धक बताये गये हैं।

(ङ) इन परीक्षणों पर अभी तक केन्द्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान द्वारा तीस हजार रूपये की राशि खर्च की गई है।

कमान विकास कार्यक्रम क्षेत्र के अंतर्गत किसानों की सक्रिय भागीदारी के संबंध में निर्णय

1917. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों की सक्रिय भागीदारी लेने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा राज्य सरकारों को सलाह दी गई है;

(ग) यदि हां, तो उक्त सलाह का ब्यौरा क्या है और यह सलाह राज्य सरकारों को कब दी गई थी;

(घ) क्या कतिपय राज्यों ने सरकार की उक्त सलाह पर अमल किया है;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां इस सलाह पर अभी तक कोई अमल नहीं किया गया है?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी॰वी॰ रंगैया नायडू): (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) विवरण I में संलग्न है (नीचे देखिए)

(घ) जी हां।

(ङ) और (च) विवरण II में संलग्न है।